तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026

11 अष्टप्रहरी हरिनाम यज्ञ संकीर्तन का शुभारंभ...



11 श्रीमद भागवत कथा में शरीक हुई डॉ. रश्मि





## खबर संक्षेप

### पत्नी से मारपीट पति पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को मौहारीभांठा निवासी संतोषी सेन ने बताया कि वह अपने पति तेजेंद्र कुमार सेन के साथ न्यू राजेंद्र नगर रायपुर में रहकर ब्यूटी पार्लर का काम करती हूं। 09 अप्रैल को वह अपने मायके महासमुंद मौहारीभाठा आयी थी। जब वह 10 अप्रैल को रायपुर जाने के लिये तैयार हो रही थी, तभी करीबन शाम 04 बजे उसका पति तेजेंद्र कुमार सेन नशे की हालत में आया और मायके में बार-बार आती हो कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बेटे के साथ मारपीट, आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बेटे के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी पिता के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को बेलसोंडा के दुर्गेश कुमार साहू ने बताया कि बीते 05 वर्षों से अपने माता-पिता से अलग रहकर अपनी पत्नी एवं बच्चे के साथ जीवनयापन कर रहा हूं। उसने बताया कि सुबह करीब 7 बजे उसकी पत्नी तुकेश्वरी साहू ने बेटे को स्कूल जाने के लिये देरी होने के चलते डांट दिया था। इसी बात को लेकर उसके पिताजी सालिकराम साहू न 10 अप्रैल को दोपहर करीबन 3.30 बजे शराब के नशे में घर आकर तुम मेरे नाती को डांटते हो कहकर गुस्से में आकर उसके साथ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की।

## आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार, एक महीने बाद कुएं में मिली लाश मामले की पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

# छोटे भाई ने मां के साथ मारपीट करने वाले बड़े भाई को मार डाला पिता ने पुलिस को बताने के बजाय लाश छिपाने की बनाई थी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मृतक का पिता और छोटा भाई ही इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी निकला

कुंए में एक माह पुरानी सड़ी गड़ी लाश मिलने के मामले में चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। मृतक का पिता और छोटा भाई ही इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी निकला। दोनों ने मिलकर अपने सगे की हत्या की और साक्ष्य छुपाने लाश को बोरी में भरकर कुंए में फेंक दिया और अपने ही पुत्र को पिता और उसका भाई काफी दिनों से लापता बताते रहे। एक माह पहले हुई इस हत्या के मामले में पुलिस के अनुसार पिता और छोटा भआई ही युवक के हत्यारे निकले। 9 अप्रैल को यशवंत चंद्राकर के मुर्गी फार्म और जंगल के पास स्थित एक एनीकट कुएं में ग्रामीणों ने एक संदिग्ध प्लास्टिक की बोरी तैरती मिली। जब पुलिस ने बोरी को बाहर निकाला, तो उसमें एक युवक का शव मिला। शव करीब एक महीना पुराना था और पूरी तरह गल चुका था। पुलिस ने तत्काल मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के गांवों में पूछताछ की। ग्राम लभरा खुर्द के ग्रामीणों ने बताया कि महेश ध्रुव का बड़ा बेटा सत्यनारायण ध्रुव काफी दिनों से गांव से लापता है। जब महेश ध्रुव को बुलाकर शव दिखाया गया, तो उसने मृतक की पहचान अपने 27 वर्षीय बेटे सत्यनारायण के रूप में की। हालांकि, पिता के बयानों में विरोधाभास होने के कारण पुलिस का संदेह परिवार पर गहरा गया। पुलिस ने जब मृतक के पिता महेश ध्रुव और उसके छोटे भाई (जो कि नाबालिग है) से कड़ाई से पूछताछ की, तो अपना अपराध स्वीकार कर लिया।



### विवाद और हत्या की वजह

पूछताछ में पता चला कि मृतक सत्यनारायण शराब का आदी था और अक्सर अपने माता-पिता के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता था। 6 मार्च को सत्यनारायण अपनी मां अहिल्या बाई के साथ मारपीट कर रहा था। जब उसके छोटे भाई ने उसे रोकने की कोशिश की, तो सत्यनारायण ने उसे भी धक्का दे दिया। गुस्से में आकर छोटे भाई ने घर में रखे पत्थर के सील (सिलबट्टा) से सत्यनारायण के सिर पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### साक्ष्य छिपाने की कोशिश

बेटे की मौत के बाद जब पिता महेश ध्रुव घर पहुंचा, तो उसने पुलिस को सूचना देने के बजाय साक्ष्य छिपाने की योजना बनाई। पिता-पुत्र ने मिलकर शव को एक प्लास्टिक की बोरी में भरा, उसमें वजन के लिए पत्थर बांधा और अपनी मोटरसाइकिल सीजी 04 एमयू 1345 पर रखकर उसे जंगल के पास कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और खून साफ करने में इस्तेमाल किया गया कपड़ा जब्त कर लिया है। आरोपी पिता महेश ध्रुव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है, वहीं हत्या में शामिल नाबालिग आरोपी को बाल न्यायालय के समक्ष पेश कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## क्राइम : सरायपाली शहर के झिलमिला क्षेत्र में हुई घटना

# पारिवारिक विवाद में हुआ खूनी संघर्ष एक की मौत और दो लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शहर के झिलमिला स्थित वार्ड क्रमांक-8 में एक पारिवारिक विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जिसमें धारदार हथियार से हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झिलमिला वार्ड-8 में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच धारदार हथियार से एक-दूसरे पर हमला कर दिया गया। इस हमले में अनवर खान (53 वर्ष) को



गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में अनवर खान के पुत्र अजहर खान (21 वर्ष) एवं पुत्री शहनाज (27 वर्ष) भी घायल हो गए। दोनों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना सरायपाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर काबू पाया। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले के आरोपी सहित अन्य संबंधित व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा मंभ ले लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक एवं आपसी विवाद से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। हालांकि, घटना के पीछे अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। एहतियात के तौर पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है।

# अवैध रूप से लकड़ी परिवहन गश्ती दल ने किया ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सघन गश्ती अभियान के तहत शुक्रवार को महासमुंद वनमंडल के बागबाहरा परिक्षेत्र अंतर्गत खल्लारी सर्किल के दक्षिण खल्लारी परिसर में विशेष सघन जांच के दौरान विभागीय अमले ने ग्राम चुरकी क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी परिवहन करते हुए एक स्वराज माजदा ट्रक (क्रमांक सीजी 08 एल 0851) को पकड़ा।



वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से परिवहन की जा रही बीजा लकड़ी 19 नग (1.523 घनमीटर) एवं अन्य प्रजाति की लकड़ी 4 नग (0.353 घनमीटर), कुल 23 नग (1.858 घनमीटर) पाई गई, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। जब्ती उपरांत वाहन चालक राकेश पिता गोरेलाल सतनामी निवासी फरफौद आरंग जिला रायपुर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान चालक द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध वन अपराध क्रमांक 14402/24, 10 अप्रैल 2026 को पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

कार्रवाई में वन प्रबंधन समिति चुरकी के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ-साथ परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव, डिप्टी रेंजर मोतीलाल साहू, वनरक्षक कमल यादव, अमित दीवान एवं विवेकानंद क्षेत्रपाल का योगदान रहा।

# खट्टी जंगल में हुई युवक की हत्या की गुत्थी सुलझी, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खट्टी के जंगल में हुई हत्या के मामले की मुख्य वजह पुरानी रंजिश और आपसी गाली गलौज है। हाल ही में हुए इस हत्याकांड के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो उड़ियापारा रावणभांठा के निवासी हैं।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को ग्राम खट्टी के जंगल में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। पुलिस जांच में मृतक की पहचान 23 वर्षीय प्रकाश पटेल, निवासी खैरा (महासमुंद) के रूप में हुई। मृतक के चेहरे, सीने और गर्दन पर गंभीर चोट के निशान थे और उसके गले में पीले रंग का गमछा बंधा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

▶▶| शेष पेज 10 पर

**बरामदगी और कार्रवाई :** पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सीजी 04 क्यूक्यू 6845 को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों में चंद्रहास नेताम 21 वर्ष, गोपाल प्रधान 20 वर्ष और जालंधर सोनवानी 21 वर्ष का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

### हत्या का कारण, गाली-गलौज का बदला

पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उन्होंने बताया कि मृतक प्रकाश पटेल और तीनों आरोपी आपस में दोस्त थे। पिछले महीने शराब पीने के दौरान प्रकाश पटेल ने तीनों को अभद्र गालियां दी थीं। इसी बात का बदला लेने के लिए तीनों ने हत्या की योजना बनाई। 5 अप्रैल की रात, काजू और गोपाल ने प्रकाश पटेल को खैरा गायत्री मंदिर के पास पाया। वहां उसके साथ मारपीट की गई और उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर खट्टी जंगल ले जाया गया। जंगल में आरोपियों ने कांच की बोतल और पत्थरों से हमला कर प्रकाश की हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों ने जालंधर सोनवानी को जानकारी दी। जालंधर ने उन्हें पैसे और मोटरसाइकिल देकर गरियाबंद में छिपने की सलाह दी थी।









खबर संक्षेप



## 5 करोड़ मूल्य का करीब 10 क्विंटल गांजा नष्ट

**महासमुंद**। जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध नशीले पदार्थों को जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में जब्त किए गए। नष्टीकरण की जानकारी के अनुसार 9 क्विंटल 96 किलो 660 ग्राम अनुमानित कीमत 5 करोड़ 2 लाख 50 हजार रुपए को बालाजी प्लांट, बेलसोंडा (महासमुंद) में नष्ट किया गया हैं। यह नष्टीकरण की प्रक्रिया थाना कोमाखान के अंतर्गत दर्ज 3 अलग-अलग मामलों से जुड़ी है। इनमें वर्ष 2025 का एक मामला और वर्ष 2026 के दो मामले शामिल थे। इन मामलों में पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध गांजा जब्त किया था, जिसे शनिवार को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। नष्टीकरण की पूरी कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी के सामने संपन्न हुई। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष (पुलिस अधीक्षक, महासमुंद), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और जिला आबकारी अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों के समक्ष पहले जब्त माल का भौतिक सत्यापन किया गया और वजन मिलान के बाद इसे नियमानुसार नष्ट किया गया।

पेज 09 के शेष ...

### खट्टी जंगल में हुई..

विवेचना के दौरान पुलिस ने मृतक के दोस्तों से पूछताछ की। पता चला कि घटना वाली रात प्रकाश पटेल को उसके दोस्त चंद्रहास उर्फ काजू नेताम और गोपाल प्रधान के साथ देखा गया था। संदिग्धों के घर दबिश देने पर पता चला कि वे फरार हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और मुख्य आरोपी जालंधर सोनवानी को उसके घर से, जबकि काजू नेताम और गोपाल प्रधान को गरियाबंद से हिरासत में लिया।

# जिले में गैस सिलेंडर की उपलब्धता सामान्य

## आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल, डीजल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार शासन के निर्देशों के परिपालन में वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति एवं वितरण पर सतत निगरानी रखी जाएगी। विकासखंड स्तर पर नियुक्त किए गए राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली विकासखंडों में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की निगरानी करेगी। गठित दल द्वारा घरेलू एलपीजी गैस, पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था तथा दैनिक आवश्यक वस्तुओं की नियमित समीक्षा की जाएगी।

### अफवाहों से बचने की अपील

कलेक्टर विनय लंगेह ने जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर स्पष्ट किया है कि वर्तमान में स्थिति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सतत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि जिले में संचालित सभी गैस एजेंसियों एवं ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की नियमित बैठक लेकर घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं दैनिक आवश्यकता की समीक्षा की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि गैस सिलेंडरों की दैनिक आवक एवं वितरण पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अन्य दुरुपयोग को रोकने के लिए संयुक्त टीम द्वारा समय-समय पर जांच की जाए। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# भाजपा सरकार की उपलब्धियों को लेकर कार्यकर्ताओं ने किया घर-घर जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा की स्थापना दिवस 6 अप्रैल से प्रारंभ हुए भाजपा के वार्ड चलो अभियान के तहत शहर मंडल के वार्ड 7, 8, 9 में मुख्य अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश साहू, महामंत्री पूर्व पार्षद मीना वर्मा, पार्षद जरीना हफीज कुरैशी की उपस्थिति में घर-घर जनसंपर्क करते हुए भाजपा के केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी कार्यो और कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने स्थानीय नागरिकों से भाजपा सरकार के महती योजना प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, खाद्यन्न वितरण और निराश्रित पेंशन, स्मार्ट कार्ड और मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रत्यक्ष चर्चा किया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने स्थानीय वार्डो की सीमा क्षेत्र में भाजपा सरकार के कार्यकाल में बने उपस्वाथ्य केंद्र, टाउनहाल, गार्डन, सहित अनेको मूलभूत सुविधाओं के कार्यों को



भाजपा सरकार की सौग़ात बताते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के लिए योजना बनाकर कार्य कर रही है। भाजपा मंडल महामंत्री मीना वर्मा ने महतारी वंदन योजना से जुड़ी केवाईसी के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनहित के लिए संकल्पित और समर्पित है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद हाफिज कुरैशी, गोपाल वर्मा, हिमांशु चंद्राकर, अनुज पांडेय, बूथ अध्यक्ष फगवा पटेल, सारिका यादव, भगवती करकसे, जतिन रूपरेला, दुर्गा सार्वा, दुर्गा चंद्राकर, पुष्पांजलि सिन्हा, पंकज कसना, मैना कोसले, सुनीता साहू, अनिता ठाकुर, कुमारी सोनी, सहित स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# द्वारिकाधीश यादव ने की महासमुंद शहर में बूथ चलो अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कांग्रेस जिलाध्यक्ष और खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने संगठन विस्तार और आगामी चुनावों की तैयारियों के तहत बूथ एवं पंचायत स्तर पर कमेटियों के गठन की प्रक्रिया तेज करते हुए महासमुंद विधानसभा के शहरी क्षेत्र में बूथ कमेटी के गठन किया। इस दौरान वे स्वयं भी मौजूद रहे।

शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में बूथ कमेटी के गठन की शुरुआत राम मंदिर में सम्पन्न बैठक से हुई। जहां पूर्व पार्षद अमन चंद्राकर द्वारा 3 बूथों में बूथ कमेटी का निर्माण सर्वसम्मति से कराया गया। इसके पश्चात नयापारा के शिव चौक में शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला तथा पार्षद मुस्ताक खान विक्की के नेतृत्व में 2 बूथों में बूथ कमेटी का गठन कराया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, समीम खान, संजय शर्मा, नितेंद्र बैनर्जी, सोनम बंसोड, विजय बघेल, हर्षित चंद्राकर, ममता चंद्राकर, ब्रिजेन बंजारे, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, पूर्व पार्षद अमन चंद्राकर, धीरज सरफराज, साहिल सरफराज, अमर चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, गोपी तारक, अरिन चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर समेत अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे। इसके साथ ही, महासमुंद शहर के अन्य हिस्सों में भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार बैठकों और जनसंपर्क के माध्यम से इस अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# रूक्मणि मंगल कथा का श्रवण करने से विवाह की बाधाएं होती हैं दूरः सूर्यकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम लभराखुर्द में चल रही भागवत कथा के सातवे दिन कथावाचक पं.सूर्यकांत शास्त्री ने महारास, मुचुकुंद उद्धार, रुक्मणि मंगल विवाह परंपरा रस्म कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया। पं. शास्त्री ने रुक्मणु मंगल कथा के बारे में बताते हुए कहा कि जो इसका श्रवण करता है, उसके घर में विवाह की सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं और परिवार मंगलमय जीवन व्यतीत करता है। जब-जब संसार में पाप बढ़ेगा, तब-तब कृष्ण के रूप में भगवान प्रकट होकर इस संसार का उद्धार करेंगे। भगवान कृष्ण की हर लीला में एक गूढ संदेश निहित है।

गोवर्धन पर्वत, कंस वध और यशोदा माता द्वारा कृष्ण के दर्शन जैसे प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह घटनाएं हमें सिखाती हैं कि जब तक मनुष्य अपने भीतर के अहंकार और नकारात्मकता का नाश नहीं करता, तब तक वह ईश्वर के सच्चे स्वरूप को नहीं जान सकता। इस कथा में श्रद्धालुओं ने आते ही राम बोलो, जाते ही राम बोलो, सुबह शाम राम बोलो जैसे भजनों पर झूमते हुए भक्ति का आनंद लिया। रुक्मणी मंगल विवाह एवं प्रेम योग के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए महारास के बारे में बताते हुए कहा कि महारास का अर्थ है जीव से जीव का मिलन नहीं, अपितु ब्रह्म से जीव के मिलन को महारास कहा गया है। मुचुकुंद का कृष्ण से भेंट और उध्दार की कथा में बताया कि राजा मुचुकुंद युद्ध में निपुण थे और उन्होंने देवताओं की सहायता के लिए असुरों से लंबा युद्ध लड़ मुचुकुंद ने कृष्ण को देखा और उनसे भक्ति का वरदान मांगा न कि सांसारिक सुखों का। कृष्णा उन्हें दर्शन दिए। उनकी क्षत्रिय जीवन की हिंसा के पाप धोने के लिए तपस्या करने का निर्देश दिया और कहा कि वे अगले जन्म में ब्राह्मण बनेंगे और अंत में परमात्मा को प्राप्त करेंगे। जब जीव में अभियान आता है, तब भगवान से वह दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान की अनुराग के विराह में होता है तो कृष्णा उस पर अनुग्रह करते हैं, उसे दर्शन देते हैं। भगवान कृष्ण रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान कृष्ण प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि को कृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। कथा व्यास ने बताया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह नहीं सकती। रुक्मणि मंगल कथा के बारे में बताते हुए कहा कि जो इसका श्रवण करता हैं। उसके घर में विवाह की सारी बाधाएं दूर हो जाती है। कृष्ण रुक्मणि विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आरती उतारी और पुष्प वर्षा की।

इस मौके पर आयोजन की ओर से आकर्षक वेशभूषा में कृष्ण व रुक्मणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर चूड़ामणी चंद्राकर, नीलमणी चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर, परमेश्वरी चंद्राकर, भूमिका चंद्राकर, बसंती शत्रुघ्न चंद्राकर, उषा चंद्राकर, उत्तर चंद्राकर, सोमा प्रमोद चंद्राकर, भैया लाल चंद्राकार, श्यामा चंद्राकर, मुन्नी शंकर चंद्राकर, सरस्वती कांतू चंद्राकर, कमला भूषण चंद्राकर, उर्मिला चंद्राकर, साधना किशोर चंद्राकर, दामिनी अंगद चंद्राकर, रुचि अंकुर चंद्राकर, राजा, देव, रूद्र, यथार्थ, हेयांश, पीयूष, यशस्व, गुरदीप, पूर्वाशी, पूनम, रिया, दामिनी साहू आदि उपस्थित थे।




## माहेश्वरी युवा मंडल ने किया प्याऊ का शुभारंभ

**महासमुंद**। माहेश्वरी युवा मंडल द्वारा अस्थायी प्याऊ का शुभारंभ किया गया। माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष श्याम राठी व सचिव गौरव राठी ने बाताया कि संगठन के प्रदेश के आह्वान पर पूरे प्रदेश में प्याऊ घर खोले जा रहे हैं। जिसके तहत शहर के चार जगह रोशन किराना, कमल राठी अंबेडकर चौक, कुशल ट्रेडर्स पिटियाझर रोड एवं जगदीश टावरी एकता चौक में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन माहेश्वरी सभा धमतरी के जिला उपाध्यक्ष द्वारकादास चांडक, समाज के वरिष्ठ बाबूलाल चांडक, अशोक लड्ढा, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, माहेश्वरी सभा सचिव पारस चांडक, ओमप्रकाश चांडक ने किया। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष देवीचंद ने कहा कि सार्वजनिक प्याऊ चलाना पुण्य व अनुकरणीय कार्य है। इस अवसर पर जगदीश टावरी, योगेश लड्ढा, ओम चांडक, दीपक चांडक, सागर चांडक, अमन राठी, निखिल टावरी, प्रिंस लड्ढा, वीर चांडक, प्रतीक राठी, महिला संगठन से त्रिवेणी राठी, चंदा टावरी, नीतू चांडक, ऐनी लड्ढा आदि उपस्थित थे।

## अछोला में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**महासमुंद**। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के मार्गदर्शन में ग्राम अछोला में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिवस का शुभारंभ शांतिकुंज की ब्रह्मवादिनी टीम द्वारा देवावहन के साथ हुआ। इस महायज्ञ में लगभग 200 श्रद्धालुओं ने आहुति समर्पित की। तत्पश्चात सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। संध्या 4 बजे प्रज्ञा पुराण कथा के दौरान शांतिकुंज प्रतिनिधि परमेश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव जीवन अत्यंत अनमोल है। भगवान ने मनुष्य को अपने स्वरूप में बनाकर उसे बल, बुद्धि एवं संपदा से संपन्न किया है, किंतु आज मनुष्य अपने लक्ष्य से भटक गया है। वह केवल भौतिक सुख-सुविधाओं और धन के पीछे भाग रहा है, जिससे उसका चिंतन विकृत हो गया है और श्रद्धा-विश्वास में कमी आई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में चिंतन, चरित्र और व्यवहार को बदलने की आवश्यकता है। स्वाध्याय, संयम और सेवा के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकता है। इस अवसर पर महासमुंद से उप जोन रायपुर के एमएल साहू, ललित मेश्राम, बोधराम साहू, हीरालाल साहू, रिखीराम साहू, परस चौहान, नरेश, भारत साहू, धनवंतरी सिन्हा, विश्राम साहू, जगमोहन साहू तथा अछोला से बिसोहा साहू, तेजराम, प्रीत राम, जगदीश सहित अन्य परिजन एवं महिला मंडल की सदस्यों की उपस्थिति रही। आयोजन के अंतर्गत कल प्रातः नौ कुंडीय यज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे। साथ ही प्रतिदिन संध्या 4 बजे से प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। यह चार दिवसीय यज्ञीय कार्यक्रम 13 मई को पूर्णाहुति के साथ होगा। कार्यक्रम का संचालन शांतिकुंज हरिद्वार से आए ऋषि पुत्रों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी भारत सिंह साहू ने दी है।

## महासमुंद जिला कांग्रेस सेवादल कार्यकारिणी में पदाधिकारी की हुई नियुक्ति

**नर्रा**। जिला कांग्रेस सेवादल को मजबूत एवं अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें जिलाध्यक्ष एवं विधायक खल्लारी द्वाररिकाधीश यादव एवं जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नितेंद्र बेनर्जी ने कहा है कि संगठन में नई उर्जा का संचार करने के लिए योग्य एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, इससे पार्टी की ज़मीनी स्तर और मजबूत होगी। नवनियुक्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों में जिला महासचिव सेवादल देवेश कुमार शर्मा महासमुंद, सिद्धांत कुमार साहू तुमगांव, शेख शब्बीर बागबाहरा, तूफान दीवान घोयनाबाहरा (कोमाखान), आलोक कुमार पांडे इमलीभाठा महासमुंद, शिव नायक बसना, श्याम सेन पिथौरा, जिला सचिव सेवादल चंदेश साहू महासमुंद, रोलियर नमलनंद जगदीशपुर, कमल प्रजापति, ब्लाक अध्यक्ष सेवादल शकील रज़ा खान महासमुंद, थानू राम साहू महासमुंद ग्रामीण, अतुल गुप्ता झलप सिरपुर, महेश्वर पटेल पिथौरा, पीतांबर यादव सांकरा, रुपेश चौहान बसना शहर, राजकुमार प्रजापति सरायपाली शहर, सोमसाय बरिहा भंवरपुर, बिरंची बेताल छुईपाली, डेमन लाल साहू बागबाहरा शहर, केवल कुमार यादव बागबाहरा ग्रामीण, नवनीत नाग कोमाखान। ये सभी पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी के रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। साथ ही सेवा दल के संगठन को मजबूत करने के लिए एवं सेवा भाव के लिए हमेशा तत्पर रहने का संकल्प लेकर कांग्रेस पार्टी के शीर्षक नेतृत्व को आभार व्यक्त किए। मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सचिन पायलट, लालजी भाई देसाई, दीपक बैज,चरण दास महंत, भूपेश बघेल, अरुण ताम्रकार संतोष पांडे, द्वरिकाधीश यादव, राजा देवेन्द्र बहादुर, विनोद सेवन लाल चंद्राकर, रश्मि चंद्राकर, महासमुंद जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नितेंद्र बेनर्जी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए मिलकर कार्य करेंगे। कार्यकर्ताओं ने आशा जताई है कि नई टीम के साथ सेवा दल महासमुंद जिला कांग्रेस पार्टी और अधिक सशक्त रूप में उभरेगी।

# कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक उपाध्यक्ष बने शाहजान



**बागबाहरा**। जिले के कांग्रेसी नेता शाहजान पाशा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पीसीसी की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने स्थानीय कार्यालय में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव एवं जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष देवनाथ साहू, शहर अध्यक्ष लखबीर छाबड़ा, कोमाखान अध्यक्ष खेमराज सिन्हा सहित कई पदाधिकारियों ने इस अवसर पर मौजूद रहे। नियुक्ति पर जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 के गांव सुखरीडबरी, दावनबोड, सुनसुनिया, टूरिझर, अनवरपुर के सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा अलग-अलग जगहों पर आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। शाहजान पाशा के ब्लॉक उपाध्यक नियुक्त होने पर ताम्रध्वज बघेल, हरप्रीत छबड़ा, पंकज हरपाल, मानता यादव, लोकेश उइके, मिथुन अमीर, खोमेश साहू, राहुल यादव, लखन बघेल, योगेंद्र साहू, जीवन नायक, पोखराज यादव, धानस पटेल, मिथलेश चौहान, गोविन्द पटेल, चंद्रेश्वर दीवान, भागवत पटेल, पिलड़ौ साहू, कुबेर यादव, हेमंत दीवान, मनराखान यादव, पीरो बाई पटेल, जानकी बाई यादव, रतनी बाई दीवान, मानो बाई, पिलाबाई, हेमीन ध्रुव, सुशीला यादव, रुक्मणि नाग आदि ने हर्ष जताया है।



## खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया निरीक्षण, विभिन्न पेय पदार्थों के लिए गए नमूने

**महासमुंद**। जिले में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूना संग्रहण की कार्रवाई की गई। आयुक्त खाद्य एवं कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार 10 अप्रैल को मेसर्स अंबिका बेवरेजेस महासमुंद से अंजल एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के दो नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान ऑनलाइन जांच कर खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन के लिए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही विशेष अभियान के तहत सॉफ्ट ड्रिंक के 5 तथा कैफिनेटेड बेवरेजेस के 2 सर्विलेंस नमूने भी संकलित किए गए। इसी क्रम में 11 अप्रैल को फर्म जय भोले बेवरेजेस पिथौरा से देवधारा पानी पाउच का नमूना, फाइव स्टार आइस कैंडी एवं स्वैग कैफिनेटेड बेवरेजेस के सर्विलेंस सैंपल लिए गए। वहीं विकास किराना, पिथौरा से पान पराग पान मसाला का नमूना जांच के लिए लिया गया। निरीक्षण के दौरान जय भोले बेवरेजेस पिथौरा में कुछ अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित फर्म के विरुद्ध इंप्रूवमेंट नोटिस जारी करने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। सभी संकलित नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया गया है।

# पिथौरा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रीन टीम बनी चैंपियन, नगद व ट्रॉफी पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

पिथौरा क्रिकेट लीग के तत्वावधान में 4 अप्रैल से आयोजित पीसीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन 10 अप्रैल को शहीद भगत सिंह खेल मैदान में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। फाइनल मुकाबले में ग्रीन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लू टीम को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद हेमलता निषाद उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव चंद्राकर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजा बाबू उपाध्याय और खिलेश्वरी यादव मौजूद रहे।

आयोजन समिति के कौशल दास मानिकपुरी ने बताया कि यह टूर्नामेंट पिछले 10 दिनों से जारी था, जिसमें जिलेभर की चार टीमों ने कुल सात मैच खेले। पूरे प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह




देखने को मिला और दर्शकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में ग्रीन टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। विजेता टीम को 31 हजार रुपये नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अतिथियों ने कहा कि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है और खेल को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिथौरा जैसे छोटे क्षेत्र में इस तरह के आयोजन खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य कौशल दास मानिकपुरी, सुरेश ठाकुर, शैलेंद्र सिन्हा, चिरंजीव सिन्हा, अविनाश पटेल, रोमन साहू, राजेश चौधरी, दिनेश साहू, रमेश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## पालिका के बजट में बड़ी नाली के लिए प्रावधान पार्षद ने जताया हर्ष



**महासमुंद।** वार्ड क्रमांक 04 नयापारा के पार्षद राहुल आवड़े ने पालिका बजट में उनके वार्ड क्षेत्र में बड़ी नाली निर्माण की सौगात मिलने पर नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू का धन्यवाद ज्ञापित किया है। आवड़े ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका के 2026–27 के बजट में वार्ड क्रमांक 04, 05 एवं 06 में सोरिद रोड से तुमगांव रोड तक बड़ी नाली निर्माण कार्य के लिए 80 लाख रुपए का प्रावधान किया है। इसके अलावा वार्ड क्र. 04 एवं 07 में नयापारा अंबेडकर स्कूल में पेव्हर ब्लाक कार्य के लिए 20 लाख रुपए बजट रखा है। उक्त दोनों कार्य से वार्डवासियों के मूलभूत सुविधाओं में विस्तार के साथ ही वार्ड की सुंदरता भी बढ़ेगी। राहुल ने कहा कि बड़ी नाली के निर्माण से 3 वार्डों से निकलने वाले गंदे पानी की समुचित निकासी होगी। जिससे जलभराव की समस्या सहित नाली जाम होने जैसे समस्याओं से भी निजात मिलेगी। स्कूल परिसर के पास पेवर ब्लॉक निर्माण से कीचड़ की समस्या से बच्चों को छुटकारा मिलेगा।

## मोहगांव स्कूल के छात्र युवराज सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के लिए चयनित



**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव विकास खंड पिथौरा के छात्र युवराज पटेल का चयन सैनिक स्कूल अंबिकापुर के लिए हुआ है। युवराज पटेल ने सैनिक स्कूल चयन परीक्षा में 300 में से 270 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में छठवां रैंक प्राप्त किया था। साथ ही नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुए थे। विद्यालय के प्रधान पाठक व मार्गदर्शक भोजराज प्रधान ने बताया कि युवराज पटेल बहुत ही प्रतिभावान विद्यार्थी हैं, इनका लक्ष्य सैनिक स्कूल ही था और इन्होंने सैनिक स्कूल में प्रवेश लिया है। युवराज पटेल सांकरा निवासी शिक्षक फाल्गुनी कुमार पटेल व नीलावती पटेल के सुपुत्र हैं। युवराज पटेल के सैनिक स्कूल में चयन होने पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ सरपंच विजय बारीक व पंचायत प्रतिनिधियों ने हर्ष जताया।

## पशुओं को बीमारी से बचाने अभियान शुरू

**जगदलपुर।** आकांक्षी जिला बस्तर और विकासखण्ड तोकापाल के पशुधन को सुरक्षित करने के उद्देश्य से पशुधन विकास विभाग ने व्यापक टीकाकरण अभियान का आगाज किया है। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में मिशन में खुरपका-मुंहपका रोग के नियंत्रण के लिए 15 मार्च से 30 अप्रैल तक पूरे जिले में अभियान जारी रहेगा।

निधन

## रूदना बाई प्रधान



**महासमुंद।** ग्राम डुमरपाली (बया) निवासी रूदना बाई प्रधान (99 वर्ष) का 11 अप्रैल को निधन हो गया। वे लेकरूराम, परशुराम प्रधान (सरपंच) की माँ तथा पन्डुलाल, जागेश्वर, शरद, बजरंग प्रधान की बड़ी माँ थीं। अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्यजन शामिल हुए।

# अष्टप्रहरी हरिनाम यज्ञ संकीर्तन का शुभारंभ, 24 घंटे गूंजेगा हरिनाम

## बसना के टिकरापारा में राधा कृष्ण मानस समिति द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तन में 6 कीर्तन दल होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

नगर के वार्ड क्रमांक 13 टिकरापारा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अष्टप्रहरी श्री हरिनाम यज्ञ संकीर्तन की शुरुआत श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हुई। इस पावन अवसर पर मां समलेश्वरी मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए कीर्तन स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं श्रद्धालुजन शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान पूरा वातावरण "हरे राम, हरे कृष्ण" के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए आस्था, भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद राकेश डड़सेना एवं जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभापति सिन्हा ने कहा कि अष्टप्रहरी संकीर्तन एवं हरिनाम यज्ञ हमारी सनातन संस्कृति की अमूल्य परंपरा है। हरे कृष्ण, हरे राम महामंत्र का जाप मन को शांति प्रदान करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं सद्भाव का संचार करता है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल एवं प्रभावी माध्यम हरिनाम संकीर्तन है। इस धार्मिक आयोजन में विभिन्न स्थानों से प्रतिष्ठित कीर्तन मंडलियां अपनी भक्ति प्रस्तुति देंगी, जिनमें प्रमुख रूप से मां पीताम्बरी कीर्तन मंडली (बिटांगपाली), श्री श्री गौरीशंकर संकीर्तन महिला पार्टी (तामी मुंडा, ओडिशा), मां समलेश्वरी महिला संकीर्तन मंडली (बड़कर्ते, ओडिशा), श्री श्री नीलमाधव कीर्तन मंडली (गेर्रा, बलौदा), प्रेम संकीर्तन मंडली (जुंजू गांव, भालूपतेरा, ओडिशा) एवं श्री राधा कृष्ण कीर्तन मंडली (टिकरापारा, बसना) शामिल हैं।



कार्यक्रम में राधा कृष्ण मानस समिति के अध्यक्ष उपेंद्र देवता, लखन सिन्हा, तेजलाल साहू, शगुन देवांगन, जोहन साव, रविंद्र साहू, खुलूराम यादव, सामिल प्रधान, सुरेश सिन्हा, उदय नाथ बेहरा, भगवान दास, फिरतुराम देवांगन, मनोज साहू, रामकुमार सिन्हा, शांति डड़सेना, राजू यादव, गोपेश डड़सेना, डॉ. सुनील वैष्णव, प्रहलाद देवांगन, घनश्याम यादव, शोभित डड़सेना, संतोष डाकुआ, दीपक डाकुआ, रूपानंद सेठ, ऋषभ डड़सेना, कौशल दास, प्रफुल्ल सेठ, पुष्पकांत डड़सेना, शिव डड़सेना सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### अनदेखी : दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों का हाल बेहाल

# बिंद्रावन से पतेरापाली-बोइरगांव जाने वाले मार्गों की हालत खराब, चमका रहे हैं साइनबोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

दूरस्थ अंचल के गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के तहत सड़कों के रखरखाव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सड़क विभाग द्वारा शायद साल में दो बार सफाई अभियान चलाया जाता है लेकिन हाल ही में सड़क किनारे बने चबूतरों, किलोमीटर पत्थरों और साइन बोर्ड का रंग रोगन कर उन्हें चमका दिया गया है। लेकिन, सड़क की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मुरुम फिलिंग का अभाव के कारण गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के कोमाखान खट्टी रोड़ से लगे बिंद्रावन से पतेरापाली बोइरगांव प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क की हालत खराब हो गई है। इस मार्ग पर रोजाना हजारों लोग आवाजाही करते है। सड़क में क्षमता से अधिक गिट्टी से भरे हाइवा दिन रात चल रहीं हैं, इससे सड़क दबकर खराब हो रही है। साथ ही उड़ती धूल से ग्रामीण परेशान है।











मुड़पार कोमाखान खट्टी रोड से प्रधानमंत्री सड़क नर्रा से मुड़पार को जोड़ती है। इसी तरह कोमाखान खट्टी रोड़ से प्रधानमंत्री सड़क झलमला को जोड़ती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क झिटकी से राटापाली को जोड़ती है, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परसुली से परकोम को जोड़ती है। इस प्रकार प्रधानमंत्री सड़क परसुली स्कूल से अमनपुरी भालूकोना द्वारतरा भलेसर वनांचल मार्ग को जोड़ती है। यह मार्ग एकदम संकरी सी हो गई है। इस सड़क पर चार पहिया वाहन आने से साइकिल व मोटर साइकिल चालक को साईड देने में परेशानी होती है। इस सड़क किनारे मुरुम न डाले जाने के कारण गड्ढे होने से डामर वाली मुख्य सड़क और कच्ची जमीन के बीच गड्ढे हो गए है। इससे सड़क पर चार पहियां वाहनों मे पिकअप बस छोटा हाथी ट्रैक्टर इत्यादि को साइड व रास्ते देते समय नीचे उतारना पड़ता है। इससे वाहन असंतुलित होकर पलट सकती है और मोटर साइकिल चालक दुर्घटना का शिकार भी हो सकता है। वही रात के अंधेरे मे यह स्थिति और जान लेवा साबित हो सकता है। वही विभाग को सुध नहीं लेना समझ से परे है। सिर्फ कागजों पर रखरखाव हो रहा है।

## गांवों में शिविर लगातार महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों का करें ई-केवाईसी: रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को ई-केवाईसी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से यह शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं कि महिलाएं चॉइस सेंटरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन सर्वर डाउन रहने के कारण उनका काम समय पर नहीं हो पा रहा है। जिले के अनेक गांवों की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां कई गांवों की महिलाओं को अभी तक यह स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है कि उनका केवाईसी कहां और कैसे होगा। जानकारी के अभाव में वे इधर-उधर भटक रही हैं, जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी हो रही है। इसके अलावा कई ग्राम पंचायतों में अभी तक केवाईसी कार्य शुरू ही नहीं किया गया है। भीषण गर्मी में लंबी दूरी तय कर चॉइस सेंटर पहुंचने वाली महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन सर्वर समस्या के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। पूरे मामले को लेकर डॉ. रश्मि चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सरकार को चाहिए कि वह आम जनता, विशेषकर महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से समझे और तत्काल समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने मांग की है कि सभी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित कर केवाईसी की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया जाए।

- महिलाएं चॉइस सेंटरों के चक्कर लगाने को मजबूर, हितग्राहियों को हो रही भारी परेशानी

## श्रीमद भागवत कथा में शरीक हुई डॉ. रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम नरतोरा में आयोजित पटेल परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति एवं आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

डॉ. रश्मि ने कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया और क्षेत्र के नागरिकों के साथ आत्मीय संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों को एकता और सद्भाव के सूत्र में बांधते हैं। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रम हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की आस्था ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कुल मिलाकर यह आयोजन भक्ति, संस्कृति और सामाजिक समरसता का एक सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया।



इस अवसर पर सभी लोगों के साथ स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया इस अवसर पर मयाराम टंडन, राजू दीवान, हेमलाल यादव, ममता चंद्राकर, प्रिंसिपल महेंद्र पटेल, मोहन दुबे आदि मौजूद रहे।

## गांव-गांव पहुंच रही भाजपा: 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान में योजनाओं की जानकारी दे रहे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय आह्वान पर गांव चलो, बस्ती चलो कार्यक्रम के तहत सिरपुर-पटेवा मंडल द्वारा ग्राम-सिरपुर, पासीद, सुकुलबाय में गली भ्रमण, घर-घर जाकर सरकार की योजना की जानकारी एवं सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा नेता मोती लाल साहू, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डिगेश्वरी चंद्राकर एवं विशिष्ट रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता-दुलरवा धीवर, सुखीराम हिरवानी, महामंत्री सुनील पटेल, गोपी ध्रुव, उपाध्यक्ष नंद किशोर यादव, मंत्री डा.सोहन साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोल्डी साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष नंदलाल पटेल, लीलाधर ध्रुव, नारायण पटेल, डेविड चंद्राकर, देवेंद्र सेन, रोशन यादव, अजय साहू, नीतीश गजेंद्र, कमलेश पटेल, खिलवान यादव, लक्की टावरी, मनीष नंदे, राधे नायक सहित अनेक कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के तहत सभी गांवों का भ्रमण किया गया एवं महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से जानकारी लिया एवं निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुलाकात किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मोतीलाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान सरकार एवं जनता के बीच सेतू का काम कर रहा है। इस अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ता जनता तक पहुंच कर सरकार की योजना का सुचारु रूप से संचालन की जानकारी ले रहे है। केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए कार्यकर्ता गांव-गांव-घर घर पहुंच कर इस अभियान को सफल बना रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश्वरी चंद्राकर ने कहा कि हमारा देश विकसित तब होगा जब गांव के एक एक व्यक्ति का विकास हो इसलिए सरकार की योजना का लाभ प्रत्येक परिवार को मिलना चाहिए।



# नगरहित के हर कार्य का विरोध करना नपा उपाध्यक्ष का अटल संकल्प : नीरज

## विघ्नसंतोषी मानसिकता त्याग कर नगर विकास में भागीदार बने देवीचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका महासमुंद वार्ड 16 के पार्षद नीरज चंद्राकर ने नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा प्रस्तुत बजट को ऐतिहासिक व नगर विकास के साथ ही सर्वजन हितैषी बजट बताया। उन्होंने कहा कि नपाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत बजट में गरीब बुजुर्गों की सुविधाओं, गरीब कल्याण के साथ ही मुक्तिधाम निर्माण, शोक ग्रस्त परिवार को संबल प्रदान करने मृतक के अंतिम क्रिया कर्म के लिए लकड़ी व कंडे की व्यवस्था जैसी अनुकरणीय पहल के साथ ही शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का खाका तैयार किया गया है। नपाध्यक्ष साहू पक्ष-विपक्ष के पार्षदों में कभी भेद-भाव नहीं किए उन्होंने शहर के समस्त 30 वार्डों में बराबर सुविधाएं पहुंचाई। नपाध्यक्ष साहू का मानना है कि सबसे पहले एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारा दायित्व नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, पालिका के कार्यों में पारदर्शिता लाना, शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना है। उनकी कार्यशैली से पालिका के समस्त वार्ड पार्षद अवगत हैं। नपा कार्यालय बजट प्रस्तुत किया तो पक्ष-विपक्ष के पार्षद मौजूद थे। बजट को सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से पारित किया था। साथ ही पक्ष विपक्ष के पार्षदों ने बजट की सराहना करते हुए बेहतर बजट बताया। पालिका सभाकक्ष में सर्वसम्मति से पारित बजट की सराहना आज पूरा शहर कर रहा है। जिसे नपा उपाध्यक्ष द्वारा काल्पनिक बताना समझ से परे है।



नीरज ने कहा कि नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी काफी अनुभवी पार्षद हैं। वे कई बार पालिका में पार्षद रह चुके हैं, ऐसे में पालिका के कार्यों, दायित्वों को भलीभांति समझते हैं। उन्हें पता है कि नगर पालिका के युवा अध्यक्ष निखिलकांत साहू निःस्वार्थ भावना से जनहित के लगातार निर्णय ले रहे हैं। साहू के कार्यकाल के विगत 1 साल में ही पालिका क्षेत्र में अनेक बड़े कार्यों की सौगात मिली है। नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अपने कार्यकाल के प्रथम वर्ष में ही विकास कार्यों का कीर्तिमान लिख दिया है। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी जहां से पार्षद चुनकर आए हैं, उस वार्ड में भी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार तेजी से नपाध्यक्ष के प्रयास से हुए हैं। पालिकाध्यक्ष की निष्पक्षता व निर्णय लेने की क्षमता से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी को काफी परेशानी हो रही है। नपा उपाध्यक्ष ने तो जैसे अटल संकल्प ही ले लिया हो कि पालिका के हर अच्छे कार्य वे का विरोध करेंगे। चाहे वह नगर विकास के कार्य हो या फिर नागरिकों की सुविधाओं के लिए। जिन कार्यों को लेकर नपा उपाध्यक्ष द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं, उन कार्यों पर नपाध्यक्ष गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। नीरज ने कहा कि नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी विघ्नसंतोषी मानसिकता त्याग कर नगर विकास में भागीदार बने ताकि जनता के बीच उनकी लोकप्रियता बढ़े।

## हाईस्कूल लाफिनखुर्द में करियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में एक दिवसीय कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज बरोडाबाजार से डॉ. वेणु चंद्राकर एवं नीलकमल साहू (व्याख्याता) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपस्थित विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के पश्चात उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. चंद्राकर ने बताया कि 10वीं के बाद प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीपीटी) के माध्यम से पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश का अवसर प्राप्त होता है। तीन वर्षीय पाठ्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थियों को कैंपस सिलेक्शन भी मिलती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में सहयोग एवं योगदान के लिए संस्था के प्राचार्य भारत साहू को शाल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने किया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य संतोष कुमार साहू एवं देव कुमार टंडन की उपस्थिति रही।

# बेमचा स्कूल में पढ़ई तिहार कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला बेमचा में पढ़ाई तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी शर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षकों एवं अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सुलोचनी भट्ट, मंजू दुबे, सीमा विष्णु चंद्राकर, सीमा चंद्राकर, खेमिन साहू, कुलेश्वरी चंद्राकर, सरला चंद्राकर, भुनेश्वरी साहू, नंदिनी प्रधान एवं विवेक कुमार योगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी भारती सोनी का आगमन कार्यक्रम की विशेष अतिथि के रूप में हुआ। उन्होंने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ई तिहार के तीन मुख्य बातें है जिस पर पर प्रकाश डाला। शिक्षा, स्वास्थ्य और अनुशासन यह तीन बातें हैं, जिसके कारण बच्चों के मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक विकास होता है, जो आगे चलकर बच्चों को शिक्षा से जोड़कर रखता है। नौ काउंटर्स पर बच्चों को लेकर माताएं बच्चों का स्तर जांचा कर पाई। कक्षा दो के छात्र वेदपकाश साहू की माता ज्योति साहू को स्मार्ट माता के रूप मैं चुना गया। कार्यक्रम का संचालन सरला चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।





# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

SCHOOL INNOVATION COUNCIL | FIT INDIA | SMART CLASSROOM

## ADMISSION OPEN 2026-27

## SHAKUNTALA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai



📞 0788 403 3217

## SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai




📞 0788 2265810

### SCHOOL FACILITIES

- Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
- Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
- Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
- Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
- State of the art AV room & Music room
- 24x7 Power Supply Via Genset

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2
Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai
Class XI to XII | 📞 0788 2295357

### SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai
KG-1 to VIII | 📞 0788 4033623

## Shakuntala GURUKUL
Hostel

" घर से दूर..
एक घर "

- Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
- AC Hostel Room with attached Bathroom.
- In-Class Coaching Facility for students.
- Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
- Dedicated Medical Facility.




📞 883 998 2041
Ram Nagar, Bhilai

Deepak Advertisers